समाचार विज्ञपति

कैलगरी के अतिसंवेदनशील लोगों को सहायताएं प्राप्त करनें में मदद करना

02 जुलाई, 2024 मीडिया पूछताछ

अल्बर्टा सरकार अपने नेविगेशन और सपोर्ट सेंटर का विस्तार कैलगरी तक कर रही है, अतिसंवेदनशील और बेघर लोगों को सहायता और सेवाएं के साथ जोड़ते हुए।

एडमंटन में सफल नेविगेशन और सपोर्ट सेंटर के अनुरूप, कैलगरी में नया सेंटर अतिसंवेदनशील अल्बर्टा वासियों को महत्वपूर्ण सेवाओं से जोड़कर उनका समर्थन करेगा।

यह सेंटर एक ही स्थान पर आय संबंधी सहायता, शेल्टर और आवास कनेक्शनों, इन्डिजनस सहायता, वैध अल्बर्टा पहचान, और मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन सहायता तक पहुंच जैसी कई सेवाओं तक पहुंच प्रदान कर रहा है। कैलगरी अर्बन प्रोजेक्ट सोसाइटी (CUPS), अल्बर्टा हेल्थ सर्विसिज़ के साथ मिलकर जरूरतमंद लोगों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य और पुनर्वास-उन्मुख सेवाएं भी उपलब्ध कराएगी।

"कैलगरी में यह विस्तार एक गंभीर समस्या के समाधान के लिए सहयोग का उपयोग करने का एक और बेहतरीन उदाहरण है, तथा हमारे द्वारा एक वादा पूरा करने का एक और उदाहरण है। नेविगेशन और सपोर्ट सेंटर कठिन समय से गुजर रहे लोगों को अपने पैरों पर खड़े होने के लिए ठोस रास्ता उपलब्ध करवा कर कैलगरी में सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान करता है। एक ही छत के नीचे इतनी सारी सेवाओं तक पहुंच की क्षमता, हमारे सेवा प्रदाताओं और शेल्टर संचालकों पर दबाव को कम करते हुए अतिसंवेदनशील अल्बर्टा वासियों के लिए बहुत बड़ा अंतर पैदा करती है।”

जेसन निक्सन, सीनियर्ज़, समुदाय और सामाजिक सेवाएं मंत्री

सेंटर तक आने-जाने के लिए परिवहन आवश्यकतानुसार उपलब्ध रहेगा। जिन लोगों को आगे सहायता के लिए अन्य स्थानों पर जाने की जरूरत होगी, उनके लिए अतिरिक्त परिवहन की भी व्यवस्था की जाएगी। पालतू जानवरों वाले क्लाइंटों को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि सहायता मांगने के दौरान उनकी और उनके पालतू जानवरों की देखभाल की जाएगी।

नेविगेशन और सपोर्ट सेंटर, कैलगरी शहर के मध्य में साल्वेशन आर्मी सेंटर ऑफ होप के निकट, मौजूदा शेल्टर स्थल से अलग स्थान पर स्थित है।

महत्वपूर्ण तथ्य

- कैलगरी में प्रांतीय वित्तपोषित आपातकालीन शेल्टर संचालकों में शामिल हैं:
    - अल्फा हाउस
    - कैलगरी ड्रॉप-इन सेंटर
    - साल्वेशन आर्मी
    - द मस्टर्ड सीड
    - YW कैलगरी
    - द चिल्ड्रनज़ कॉटेज सोसाइटी
    - इन फ्राम द कोल्ड
- एडमंटन के नेविगेशन और सपोर्ट सेंटर ने जनवरी में अपने दरवाजे खोले और तब से:
    - 2,280 से अधिक लोग सेटंर तक पहुंच की हैं;
    - लगभग 7,640 रेफरल और सेवाओं के लिए सीधे कनेक्शन बनाए गए हैं;
    - आवास कार्यक्रमों के लिए लगभग 545 रेफरल और शेल्टर सेवाओं के लिए 560 से अधिक कनेक्शन बनाए गए हैं;
    - सर्विस अल्बर्टा और रेड टेप रिडक्शन द्वारा लगभग 1,725 ID कार्ड जारी किए गए हैं;
    - 1,330 से अधिक लोगों को इन्कम सपोर्ट और AISH जैसे वित्तीय लाभ प्रदान किए गए हैं;
    - लगभग 430 लोगों को परिवहन उपलब्ध कराया गया है;
    - 750 से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सहायता के लिए रेफर किया गया है;
    - 330 से अधिक लोगों को मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन सेवाओं से जोड़ा गया है, जिनमें 115 लोग शामिल हैं जो वर्चुअल ओपिओइड डिपेंडेंसी प्रोग्राम (Virtual Opioid Dependency Program) से जुड़े हैं।

संबंधित जानकारी

- अल्बर्टा में शेल्टरों का उपयोग

संबंधित समाचार

- एडमंटन में अतिसंवेदनशील लोगों के लिए नई सहायता (17 जनवरी, 2024)
- एन्कैंपमेंट (Encampment) हटाने से महत्वपूर्ण सुधार हुए (फरवरी 3, 2024)
- नेविगेशन और सपोर्ट सेंटर स्थायी रूप से खुला रहेगा (26 मार्च, 2024)
- कैलगरी में नेविगेशन और सपोर्ट सेंटर खुलेगा (5 जून, 2024)

मीडिया पूछताछ

Benji Smith (बेन्जी स्मिथ)

780-686-5798
Acting Press Secretary, Seniors, Community and Social Services (कार्यवाहक प्रेस सचिव, सीनियर्ज़, समुदाय और सामाजिक सेवाएं)